शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)

गढ़उमरिया, ओड़िशा रोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001

ई – मेल :– registrarsnpv@gmail.com, वेबसाईट :– https://snpv.ac.in

क्रमाँक.6757 /E/परीक्षा–गोपनीय/2023 रायगढ़, दिनाँक 20.03.2023

प्रति,

वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष/प्राचार्य,
शासकीय नवीन महाविद्यालय, चपले (मुख्य परीक्षा केन्द्र 715),
जिला–रायगढ़ (छ.ग.)

विषयः– डॉ. बी.एस.पी. आदिवासी महाविद्यालय, मुराबाजार (मुख्य परीक्षा केन्द्र 807) के परीक्षार्थियों को शासकीय नवीन महाविद्यालय, चपले (मुख्य परीक्षा केन्द्र 715) से परीक्षा में सम्मिलित करने विषयक।

संदर्भः– 01. विश्वविद्यालय का पत्र क्रमांक 4008/E/परीक्षा–गोपनीय/2023, दिनांक 16.01.2023

02.डॉ. बी.एस.पी. आदिवासी महाविद्यालय, मुराबाजार का पत्र क्रमांक 555/मुख्य परीक्षा 2023/मुराबाजार, दिनांक 16.03.2023.

——0——

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि संदर्भित पत्र क्रमांक 01 के माध्यम से इस विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा सत्र 2022–23 की परीक्षाओं के आयोजन हेतु परीक्षा केन्द्र घोषित किये गये हैं, जिसमें डॉ. बी.एस.पी. आदिवासी महाविद्यालय, मुराबाजार (मुख्य परीक्षा केन्द्र 807) एवं शासकीय नवीन महाविद्यालय, चपले (मुख्य परीक्षा केन्द्र 715) को भी परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

डॉ. बी.एस.पी. आदिवासी महाविद्यालय, मुराबाजार (मुख्य परीक्षा केन्द्र 807) के संदर्भित पत्र क्रमांक 02 के माध्यम से अवगत कराया गया है कि उनके परीक्षा केन्द्र में परीक्षार्थियों की संख्या अत्यंत कम है अतः उनके परीक्षा केन्द्र के परीक्षार्थियों को शासकीय नवीन महाविद्यालय, चपले (मुख्य परीक्षा केन्द्र 715) से परीक्षा में सम्मिलित किये जाने हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुआ है।

डॉ. बी.एस.पी. आदिवासी महाविद्यालय, मुराबाजार (मुख्य परीक्षा केन्द्र 807) के प्रस्ताव पर वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष/प्राचार्य शासकीय नवीन महाविद्यालय, चपले (मुख्य परीक्षा केन्द्र 715) से प्राप्त सहमति उपरांत मुख्य परीक्षा सत्र 2022–23 के परीक्षार्थी जो कि डॉ. बी.एस.पी. आदिवासी महाविद्यालय, मुराबाजार (मुख्य परीक्षा केन्द्र 807) से परीक्षा में सम्मिलित होने थे, ऐसे परीक्षार्थी उक्त परीक्षा में अब शासकीय नवीन महाविद्यालय, चपले (मुख्य परीक्षा केन्द्र 715) से परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

इस संबंध में वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष/प्राचार्य डॉ. बी.एस.पी. आदिवासी महाविद्यालय, मुराबाजार (मुख्य परीक्षा केन्द्र 807) उनके परीक्षा केन्द्र के सभी पात्र परीक्षार्थियों को आवश्यक सूचना देना सुनिश्चित करेंगे एवं वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष/प्राचार्य शासकीय नवीन महाविद्यालय, चपले (मुख्य परीक्षा केन्द्र 715) ऐसे सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होने की सभी आवश्यक नियमानुसार सुविधाएं उपलब्ध करायेंगे।

नोटः– संबंधित परीक्षार्थियों की परीक्षा सामग्री आपके केन्द्र को प्रेषित की जायेगी निर्देशानुसार परीक्षा सामग्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए परीक्षा आयोजित कराने का कष्ट करेंगे।

आदेशानुसार

कुलसचिव (प्रभारी)

पृ.क्रं.6758 /E/परीक्षा–गोपनीय/2023 रायगढ़, दिनाँक 20.03.2023

प्रतिलिपिः–

01. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
02. प्राचार्य, डॉ. बी.एस.पी. आदिवासी महाविद्यालय, मुराबाजार को संबंधित परीक्षार्थियों के सूचनार्थ प्रेषित।
03. संपादक/संवाददाता, दैनिक .... समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
04. कार्यालय प्रति।

परीक्षा प्रभारी